कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा संचालनालय

ब्लाक–सी–30, द्वितीय एवं तृतीय मंजिल, इन्द्रावती भवन, नया रायपुर (छ.ग.)

क्रमांक 429/आउशि/समन्वय/2015 नया रायपुर, दिनांक 26/9/2015

प्रति,

कुलसचिव,
समस्त विश्वविद्यालय,
छत्तीसगढ़।

प्राचार्य,
समस्त महाविद्यालय,
छत्तीसगढ़।

विषयः– आकाशवाणी, रायपुर से माननीय मुख्यमंत्रीजी द्वारा मासिक वार्ता के प्रसारण बावत।

–0–

कृपया मुख्य सचिव महोदय का पत्र दिनांक 9.9.2015 एवं आयुक्त सह सचिव, जनसपंर्क विभाग का अर्द्ध शासकीय पत्र दिनांक 10.9.2015 संलग्न प्रेषित है। पत्र में आकाशवाणी, रायपुर से माननीय मुख्यमंत्रीजी के द्वारा मासिक प्रसारण वार्ता के संबंध में दिशा–निर्देश जारी किया गया है। इसके अनुसार माननीय मुख्यमंत्रीजी के द्वारा आम नागरिको को आकाशवाणी के सभी केन्द्रों से 'रमन के गोठ' कार्यक्रम द्वारा संबोधित किया जाएगा। यह प्रसारण प्रत्येक माह के द्वितीय रविवार को पूर्वान्ह 10:45 से 11:00 बजे तक आयोजित किया जाएगा।

अतः निर्देशानुसार अनुरोध है कि माननीय मुख्यमंत्रीजी के उपरोक्त कार्यक्रम के संबंध में यथायोग्य प्रचार–प्रसार करने का कष्ट करें, जिससे अधिकाधिक संख्या में विभागीय अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्र छात्राएं इससे लाभान्वित हो सकें। प्रत्येक माह किए गए महत्वपूर्ण कार्य एवं विभागीय गतिविधियों के संबंध में भी जानकारी संचालनालय में अधोहस्ताक्षरी को मेल द्वारा भेजने का कष्ट करें।

(प्रमुख सचिव सह आयुक्त, उच्च शिक्षा द्वारा अनुमोदित।)

(डॉ. किरण गजपाल)
संयुक्त संचालक,
उच्च शिक्षा संचालनालय, रायपुर

क्रमांक 430/आउशि/समन्वय/2015 नया रायपुर, दिनांक 26/9/2015

प्रतिलिपिः–

1. माननीय मुख्यमंत्री जी के प्रमुख सचिव, छ.ग.शासन, मंत्रालय, नया रायपुर
2. विशेष सहायक, माननीय मंत्री जी, छ.ग.शासन, मंत्रालय, नया रायपुर
3. मुख्य सचिव के उप सचिव, छ.ग.शासन, मंत्रालय, नया रायपुर
4. निज सचिव, प्रमुख सचिव, छ.ग.शासन, उच्च शिक्षा विभाग, महानदी भवन, मंत्रालय, नया रायपुर
5. आयुक्त सह सचिव, छ0ग0शासन, जनसपंर्क विभाग, महानदी भवन, मंत्रालय, नया रायपुर
6. आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय, इंद्रावती भवन, नया रायपुर
7. निज सहायक, कुलपति, समस्त विश्वविद्यालय, छत्तीसगढ़
8. क्षेत्रीय अपर संचालक, उच्च शिक्षा, बिलासपुर, अंबिकापुर एवं जगदलपुर

की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

संयुक्त संचालक,
उच्च शिक्षा संचालनालय, रायपुर